MOMENTUM JHARKHAND
The investment destination
GLOBAL INVESTORS' SUMMIT201
16-17 February, Ranchi

# कार्यालय – वन प्रमंडल पदाधिकारी,
## हजारीबाग पश्चिमी वन प्रमंडल, वन भवन, हजारीबाग

झारखण्ड सरकार ☎ 06546-222339, Fax no.06546-222339, Email- dfo.hazaribaghwest@rediffmail.com

पत्रांक : दिनांकः

सेवा में,

श्री रामचन्द्र मेहता,
मेसर्स रामचन्द्र मेहता, कैप्टन आनन्द अर्पणा देवी,
ग्राम –बिगहा, पो0–फुलबेरिया,
थाना– नवलसराई, जिला– कोडरमा,
झारखण्ड, पिन– 825418

विषयः– **मेसर्स रामचन्द्र मेहता, कैप्टन आनन्द अर्पणा देवी द्वारा करमा स्टोन माईनिंग प्रोजेक्ट हेतु 14.17 हे0 वनभूमि के अपयोजन प्रस्ताव में स्थलीय निरीक्षण के कम में पायी गई त्रुटियों का निराकरण कर संशोधित प्रस्ताव समर्पित किये जाने के संबंध में।**

प्रसंग :– **इस कार्यालय का पत्रांक 5927 दिनांक 28.10.2016 एवं आपका पत्रांक शुन्य दिनांक 31.10.2015**

महाशय,

उपर्युक्त विषयक प्रासंगिक पत्र के संदर्भ में सूचित करना है दिनांक 26.10.2016 को विषयोक्त परियोजना के प्रस्ताव का स्थलीय निरीक्षण के कम में पाया गया कि प्रस्तावित स्टोन माईनिंग प्रोजेक्ट के दक्षिणी भू–भाग मौजा कांटी वन क्षेत्र में अवस्थित है, (जिसके अपयोजन हेतु प्रस्ताव समर्पित नही किया गया है) में सीमांकण कर आपके द्वारा पीलर संख्या BP 1, BP 2, BP 3, BP 19, BP 18, BP17, BP16, BP15, BP 14 एवं BP13 स्थापित किया गया है, जो कोडरमा वन प्रमण्डल के क्षेत्राधिकार में पडता है। इस संदर्भ में इस कार्यालय के पत्रांक 5927 दिनांक 28.10.2016 द्वारा आपको स्थल पर पायी गई त्रुटियों को सुधार कर संशोधित प्रस्ताव समर्पित करने हेतु अनुरोध किया गया था।

आपके प्रसांगिक पत्र द्वारा सूचित किया गया है कि प्रस्तावित स्थल का DGPS सर्वे मान्यता प्राप्त संस्थान द्वारा किया गया है एवं प्रस्तावित मौजा यथा करमा का Geo Referencing कर पीलर स्थापित किया गया है। इससे स्पष्ट होता है कि आपके द्वारा इस कार्यालय के पत्रांक 5927 दिनांक 28.10.2016 द्वारा उठाये गये त्रुटि का निराकरण नही किया गया है।

अतः पुनः निदेशित किया जाता है कि स्थल पर पायी गई त्रुटि का निराकरण कर संशोधित प्रस्ताव सहित नक्शा एवं DGPS सर्वे रिर्पोट समर्पित करें, ताकि प्रस्ताव पर अग्रेतर कार्रवाइ किया जा सकें। पत्र के साथ प्रस्ताव मूल रूप में सभी प्रतियों के साथ आपको वापस किया जा रहा है।

आपका विश्वासी,

ह0/–
वन प्रमंडल पदाधिकारी,
हजारीबाग पश्चिमी प्रमंडल

ज्ञापांक :– 6112 दिनांक :– 09/11/16

प्रतिलिपि– मुख्य वन संरक्षक, प्रादेशिक अंचल, हजारीबाग को सूचनार्थ समर्पित।

वन प्रमंडल पदाधिकारी,
हजारीबाग पश्चिमी प्रमंडल

9/11/16